# समाचार वाणी
**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | Friday, 25 September 2026


# ग्रामीण विद्यार्थियों के सपनों को उड़ान देतीं तनया भालेराव

Publisher — Published on 19 Jan 2026



ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी शहरों जैसी आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा मिले—इसी उदात्त उद्देश्य के साथ कार्यरत **के.डी. भालेराव शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था, लखमापुर** आज नाशिक जिले की एक आदर्श शिक्षण संस्था बन चुकी है। संस्था द्वारा संचालित **के.डी. भालेराव इंटरनेशनल स्कूल एवं जूनियर कॉलेज** में नर्सरी से बारहवीं विज्ञान तक लगभग 1700 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### गुणवत्ता और संस्कार पर आधारित शिक्षा

विद्यालय में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है। गुणवत्ता, अनुशासन, संस्कार, खेल, स्पर्धा परीक्षाएँ और सर्वांगीण विकास—इन सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अनुभवी शिक्षकवर्ग के साथ-साथ समय-समय पर नामी वक्ताओं का मार्गदर्शन विद्यार्थियों को मिलता है, जिससे उनका आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निखरता है।

संस्था के अध्यक्ष **प्रा. शरद किसन भालेराव** ने अनेक आर्थिक व सामाजिक चुनौतियों का सामना करते हुए इस शैक्षणिक संकुल की नींव रखी। उनकी दूरदृष्टि और समर्पण के कारण आज यह संस्था ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक बन गई है।

### प्राचार्या तनया भालेराव का योगदान

इस सफलता यात्रा में संस्थे की संचालिका एवं प्राचार्या **सौ. तनया शरद भालेराव** की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वे निरंतर परिश्रम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक और नैतिक विकास के लिए कार्य करती हैं। आधुनिक प्रतिस्पर्धा के दौर में कोई भी विद्यार्थी पीछे न रहे—इसके लिए वे नवाचारों और नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाती हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य और पालकत्व पर जागरूकता

प्राचार्या तनया भालेराव ने शिक्षा के साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को भी प्रमुखता दी है। इंटरनेट युग में विद्यार्थियों की दिशा

सही रहे, इसके लिए उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन किया है। उनकी तीन अंग्रेज़ी पुस्तकें—**Words of Thoughts, Words of Life, Words for Parenthood** प्रकाशित हो चुकी हैं। "Words for Parenthood" का मराठी अनुवाद "**सुजाण पालकत्व**" नाम से उपलब्ध है, जो अभिभावकों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा है।

**विद्यालय के अभिनव उपक्रम**

के.डी. भालेराव परिसर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु—

- आदर्श परिपाठ
- दप्तरमुक्त शाला
- प्रकल्प आधारित शिक्षा
- मैदानी खेल व कला उपक्रम
- ई–लर्निंग सुविधाएँ
- स्पर्धा परीक्षा मार्गदर्शन
- क्षेत्रभेट एवं कृतीयुक्त शिक्षण

जैसे अनेक उपक्रम प्रभावी ढंग से चलाए जाते हैं।

**विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ**

यहाँ से शिक्षित अनेक विद्यार्थी आज उच्च पदों पर कार्यरत हैं, कुछ विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेज़ी माध्यम की शिक्षा को सशक्त बनाने का श्रेय प्राचार्या तनया भालेराव को जाता है। वे सावित्रीबाई फुले के विचारों से प्रेरित होकर महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्यों में भी सक्रिय रहती हैं।

**प्रमुख सम्मान एवं पुरस्कार**

- जर्मन इंस्टीट्यूट – सर्वोत्कृष्ट शाला पुरस्कार (2017–18)
- नाशिक जिला स्वच्छ व सुंदर शाला पुरस्कार
- महाराष्ट्र पुलिस दल यूथ पार्लमेंट – प्रथम क्रमांक
- बेस्ट डिसिप्लिन स्कूल अवॉर्ड
- राष्ट्रीय शिक्षक गौरव पुरस्कार
- सकाळ गौरव – भूमिपुत्रांचा
- क्षितिजा महिला सम्मान
- बेस्ट डेडिकेटेड वुमन अवॉर्ड
- गिरणा गौरव पुरस्कार
- रोटरी क्लब – विशेष महिला पुरस्कार

प्राचार्या तनया भालेराव अपने हर सफल कदम का श्रेय संस्था के चेयरमैन **प्रा. शरद भालेराव** को देती हैं। उनका मानना है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और सकारात्मक सोच से ग्रामीण विद्यार्थी भी विश्वस्तरीय उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं।

**सम्मान और पहचान**

**सौ. तनया शरद भालेराव** की इस शानदार उपलब्धि को “**Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025**” जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

## भव्य पुरस्कार समारोह

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
? **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री
? **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
? **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.